मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-44
03/02/2024

पूर्व उप प्रधानमंत्री आदरणीय श्री लालकृष्ण आडवाणी जी को देश का सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' दिए जाने की घोषणा पर मुख्यमंत्री ने दी बधाई एवं शुभकामनायें

पटना, 03 फरवरी 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व उप प्रधानमंत्री आदरणीय श्री लालकृष्ण आडवाणी जी को देश का सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' दिये जाने की घोषणा पर बधाई एवं शुभकामनायें दी है।

मुख्यमंत्री ने आदरणीय श्री लालकृष्ण आडवाणी जी से दूरभाष पर बात कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनायें देते हुये उनका अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा है कि आदरणीय श्री लालकृष्ण आडवाणी जी का देश के विकास में बड़ा योगदान है। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार में उन्होंने देश के गृह मंत्री और उप प्रधानमंत्री के रूप में काफी बेहतर कार्य किया। आदरणीय श्री लालकृष्ण आडवाणी जी देश के सम्मानित राजनेताओं में से एक हैं। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार में मुझे उनके सानिध्य में काम करने का मौका मिला। आदरणीय श्री लालकृष्ण आडवाणी जी का स्नेह मुझे हमेशा मिलता रहा है और उनसे कई चीजें सीखने का भी मौका मिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदरणीय श्री लालकृष्ण आडवाणी जी को देश का सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' दिये जाने का केंद्र सरकार का निर्णय स्वागत योग्य है, इसके लिये माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का अभिनंदन करता हूँ।

******